फीडबैक लिया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

स्टार्टअप्स को 3.5 करोड़ का लेटर ऑफ इंटेंट

सिटी रिपोर्टर| आई स्टार्ट राजस्थान की ओर से स्टार्टअप चौपाल के सहयोग से 'ग्लोबल इंवेस्टर मीटअप' का आयोजन हुआ। टेक्नो हब में आयोजित मीट में डीओआईटी एंड सी के कमिशनर व ज्वॉइंट सेक्रेटरी आशिष गुप्ता ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस मौके इंवेस्टर्स के समक्ष आइडिया पिच करने वाले 25 स्टार्टअप्स में से 5 को 3.5 करोड़ का लेटर ऑफ इंटेंट(एलओआई) मिला। वहीं, स्टार्टअप चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। कार्यक्रम में बताया गया कि स्टार्टअप चौपाल स्टार्टअप के लिए एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में बीते कुछ सालों में तेजी से उभरकर आया है।